# हिन्दुस्तान जिंक ने कराया रामपुरा आगुचा में 17 हजार से अधिक लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध

**aawazaapki.com**/hindustan-zinc-provided-pure-drinking-water-to-more-than-17-thousand-people-in-rampura-agucha

Pankaj Porwal May 8, 2025




## हिन्दुस्तान जिंक रामपुरा आगुचा माइन के आस-पास के क्षेत्र में पानी और साफ-सफाई के लिए लगातार कर रही है कार्य

**भीलवाडा। (पंकज पोरवाल)** विश्व की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी, हिन्दुस्तान जिंक भीषण गर्मी और गांवों में शुद्धपेयजल की बढ़ती जरूरत को देखते हुए, अपनी रामपुरा आगुचा माइन के आस-पास के क्षेत्र में पानी और साफ-सफाई के लिए लगातार कार्य कर रही है। कंपनी ने 8 गांवों में टैंकरों के जरिए शुद्ध पेयजल पहुँचाकर 17 हजार से अधिक लोगों को साफ और पीने योग्य पानी उपलब्ध कराया है। गर्मी के मौसम में पानी की कमी से जूझ रहे इन गांवों के लोगों के लिए यह एक बड़ी राहत है। रामपुरा गांव के रहने वाले सत्यनारायण गुर्जर बताते हैं, कि हिन्दुस्तान जिंक रामपुरा आगुचा माइन हर दिन हमारे गांव में पानी के टैंकर भेजता है और पानी बिल्कुल साफ और मीठा होता है। यह हमारे पीने के पानी का एकमात्र सहारा है। इसके बिना, खासकर गर्मियों में यहाँ शुद्ध पेयजल जुटाना बहुत मुश्किल हो जाएगा। हम हिन्दुस्तान जिंक के बहुत आभारी हैं कि उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि हमारे गांव में पानी की कमी न हो। इसके अलावा, कंपनी ने अरनिया चौहान गांव में एक नया हैंडपंप भी लगाया है। आगुचा में गंदे पानी के सही तरीके से बहाव और साफ-सफाई को बेहतर बनाने के लिए नालियों का नेटवर्क बनाया गया है। विद्यालयों में बच्चों को आसानी से पेयजल मिल सके, इसके लिए कंपनी ने 10 स्कूलों में नई पानी की टंकियां बनवाई हैं और वाटर कूलर लगाए हैं। इससे सैकड़ों छात्र लाभान्वित हुए है। समुदाय में स्वच्छता को बढ़ावा देने के अपने लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए, हिन्दुस्तान जिंक ने 9 राजकीय विद्यालयों में 14 शौचालयों का निर्माण

किया है, ताकि बच्चों को साफ और सुरक्षित माहौल में पढ़ने का मौका मिले। कंपनी के कर्मचारियों द्वारा चलाई गई पहल, टैको क्लब ने जानवरों के लिए भी पानी के बर्तन बांटे हैं, जो पानी बचाने और सबकी देखभाल करने के प्रति कंपनी की सोच को दिखाता है।